राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD
Headquarter, 4, Institutional Area, Jhalana Doongri, Jaipur-302004
Phone :0141- 2716804, 2716800 e-mail : member-secretary@rpcb.nic.in

क्रमांक:एफ III (629)रा.प्र.नि.मं./विधि अधिकारी–द्वितीय भर्ती परीक्षा परिणाम 2023-24/4713 दिनांक : २२/२/२४

विधि अधिकारी–द्वितीय सीधी भर्ती परीक्षा-2023–24

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कर्मचारी सेवा नियम एवं विनियम,1993 यथा संशोधित नियमों के अन्तर्गत आयोजित विधि अधिकारी–द्वितीय सीधी भर्ती परीक्षा, 2023-24 में गैर अनुसूचित क्षेत्र के 02 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 1/2023, दिनांक 05.10.2023 को जारी कर ऑनलाईन आवेदन आमन्त्रित किये गये थे। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल द्वारा उक्त सीधी भर्ती परीक्षा दिनांक 09. 01.2024 को आयोजित की गयी।

इसी क्रम में उक्त पदों हेतु निम्नांकित अभ्यर्थियों को पात्रता की जाँच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्व किया गया है। ये सूची पूर्णतया अस्थाई व अनंतिम (Purely Provisional) है तथा इन्हें तैयार करते समय श्रेणीवार विज्ञापित पदों के वरीयता अनुसार विधि अधिकारी, द्वितीय के लगभग पाँच गुना अभ्यर्थियों की संख्या सम्मिलित की गई है जिनकी पात्रता की जाँच एवं दस्तावेजों का सत्यापन नहीं किया गया है।

इन सूचीबद्व अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच एवं मूल दस्तावेजों का सत्यापन मण्डल द्वारा **दिनांक 27.02.2024 को प्रातः 11.00 बजे से राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल मुख्यालय, 4, झालाना इंस्टिट्यूशनल एरिया, जयपुर** में किया जावेगा। इन अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच एवं दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से सत्यापन करने के पश्चात् पात्र पाये गये अभ्यर्थियों में से वरीयता के आधार पर श्रेणीवार विज्ञापित पदों के अनुसार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। पात्रता की जाँच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्व किये गये अभ्यर्थियों के रोल नम्बर व कट–ऑफ मार्क्स निम्नानुसार है:–

रोल नम्बर

1110000158	1110001849	1110001940	1110002172	1210000086
1210000104	1210000291	1210000333	1210000398	1410000107

Cut off marks

Cut off marks			
	Category	Cut of marks	DOB
GEN-UR	GEN	196	01.01.1996

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD
Headquarter, 4, Institutional Area, Jhalana Doongri, Jaipur-302004
Phone :0141- 2716804, 2716800 e-mail : member-secretary@rpcb.nic.in

यह सूची चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित किये जाने के क्रम में केवल दस्तावेज सत्यापन के उद्देश्य से है तथा यह चयन सूची/वरीयता सूची नहीं है, अन्तिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची दस्तावेज सत्यापन के पश्चात् जारी की जावेगी।

अभ्यर्थी मूल दस्तावेजों के साथ सत्यापन हेतु निर्धारित समय पर उपस्थित होवें। आवश्यक दस्तावेजों की चैक लिस्ट अभ्यर्थी अपने स्वयं की हस्तलिपि (Hand Writing) में भरकर वांछित दस्तावेजों के साथ (चैक लिस्ट के अनुसार) निर्धारित समय पर दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थिति सुनिश्चित करें।

मण्डल द्वारा अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच विज्ञापन की शर्तों/नियमों के अनुसार की जाएगी। पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता मण्डल द्वारा रद्द कर दी जायेगी तथा पात्र पाये गये अभ्यर्थियों में से ही नियमानुसार मुख्य चयन सूची एवं आरक्षित सूची जारी की जाएगी।

(विजय एन.)
सदस्य सचिव